# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 26 | बिजौलिया - बुधवार,26 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## 'जेन-जी' नहीं, युवा शक्ति कहें: मदन राठौड़

**बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष बोले- नई पीढ़ी को संस्कारित कर सेवा की भावना विकसित करेंगे; निकाय चुनाव में सर्वे और जनता की पसंद पर मिलेगा टिकट**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच बीजेपी ने नई पीढ़ी को लेकर अपनी शब्दावली और राजनीतिक प्राथमिकता साफ कर दी है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि हमें 'जेन-जी' जैसे शब्दों के बजाय अपने शब्दों का इस्तेमाल करते हुए युवाओं को महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के साथ उन्हें संस्कारित करने और सेवा की भावना विकसित करने का काम कर रही है। राठौड़ मंगलवार को प्रदेश बीजेपी कार्यालय में विधि प्रकोष्ठ की ओर से निकाय चुनाव के लिए प्रकाशित बुकलेट के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राठौड़ ने कहा कि हम लगातार 'जेन-जी, जेन-जी' करते रहते हैं, जबकि युवा और नई पीढ़ी के लिए हमारे अपने शब्द हैं। हमें अपनी शब्दावली और संस्कृति के अनुरूप युवाओं को संबोधित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी निश्चित रूप से नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने का काम करेगी। पार्टी युवाओं को संस्कारित कर रही है और उनमें समाज व देश की सेवा करने की भावना विकसित करने का प्रयास कर रही है।



**पहले भी संगठन ने 'जेन-जी' शब्द से किया था परहेज**

बीजेपी में 'जेन-जी' शब्द के इस्तेमाल को लेकर इससे पहले भी निर्देश सामने आ चुके हैं। 4 अगस्त को प्रदेश बीजेपी कार्यालय में निकाय चुनाव को लेकर हुई जयपुर संभाग की बैठक में संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने कार्यकर्ताओं से कहा था कि 'जेन-जी' शब्द का इस्तेमाल नहीं करना है। युवाओं को पार्टी की संस्कृति के अनुरूप 'युवा शक्ति' कहकर संबोधित करने की बात कही गई थी। अब प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान से पार्टी की इसी सोच की पुष्टि हुई है।

**कांग्रेस से आए नेताओं को भी मिलेगा मौका**

कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए नेताओं को स्थानीय निकाय चुनाव में टिकट दिए जाने के सवाल पर राठौड़ ने कहा कि जो व्यक्ति बीजेपी की रीति-नीति और संस्कार को समझकर पार्टी के साथ आया है, उसे बीजेपी ने अपने परिवार का सदस्य माना है। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण में किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं और पार्टी के सर्वे में जो उम्मीदवार खरा उतरेगा, उसे अवसर दिया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों को टिकट में प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही कहा कि पार्टी की कोशिश रहेगी कि युवाओं को भी आगे लाया जाए।

**मंत्री-विधायक आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करेंगे**

निकाय चुनाव के दौरान आचार संहिता की पालना को लेकर भी राठौड़ ने पार्टी की जिम्मेदारी तय की। उन्होंने कहा कि बीजेपी का कोई भी मंत्री या विधायक आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करेगा। आचार संहिता की पालना कराना पार्टी की जिम्मेदारी है और इसे सुनिश्चित किया जाएगा।

**'वन स्टेट, वन इलेक्शन' से बार-बार नहीं रुकेगा विकास**

राठौड़ ने राज्य सरकार की 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की पहल को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पहले बार-बार चुनाव होने से लंबे समय तक चुनावी प्रक्रिया चलती रहती थी। चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य प्रभावित होते थे और अधिकारियों के काम भी रुक जाते थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' का बीड़ा उठाया है। इसके तहत राज्य में निकाय, पंचायत और सहकारी संस्थाओं के चुनाव एक साथ कराए जा रहे हैं। राठौड़ के अनुसार, इससे चुनावी प्रक्रिया बार-बार होने की स्थिति कम होगी और आने वाले समय में सरकार को लगातार विकास कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**'वन नेशन, वन इलेक्शन' के लिए भी तैयार रहने का आह्वान**

प्रदेशाध्यक्ष ने केंद्र सरकार की 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की पहल का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह राज्य में 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की दिशा में काम किया जा रहा है, उसी तरह केंद्र सरकार 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी इसके लिए पूरी तरह तैयार है।

## निकाय चुनाव के मतदान वाले दिन संबंधित क्षेत्रों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**भीलवाड़ा जिले में दो चरणों में होगा मतदान, प्रशासन ने जारी की अधिसूचना**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जिले में दो चरणों में मतदान होगा। मतदाताओं को मतदान के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने मतदान वाले दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रथम चरण में 9 सितंबर को मतदान होने की स्थिति में नगर निगम भीलवाड़ा और नगर पालिका बीगोद निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

वहीं, द्वितीय चरण में 11 सितंबर को मतदान होने की स्थिति में नगर पालिका आसींद, गुलाबपुरा, गंगापुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, मांडलगढ़ एवं बिजौलिया निर्वाचन क्षेत्रों में अवकाश रहेगा।

प्रशासन के अनुसार सार्वजनिक अवकाश का उद्देश्य संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान के लिए अवसर उपलब्ध कराना है।

## हर मतदान भवन पर बनेगा मतदाता सहायता केंद्र

**सही मतदान केंद्र तक पहुंचने और मतदाता क्रमांक जानने में मिलेगी मदद**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर निकाय आम चुनाव-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान भवन पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। इन केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी स्तर के कार्मिकों की नियुक्ति की जाएगी, जो मतदाताओं को उनके संबंधित मतदान केंद्र तक पहुंचने में मार्गदर्शन देंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त कलक्टर डॉ. हरीतिमा ने बताया कि सहायता केंद्र पर संबंधित मतदान भवन की मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी। यहां नियुक्त कार्मिक मतदाताओं को उनके सही मतदान केंद्र की जानकारी देने के साथ मतदाता सूची में उनका क्रमांक बताने में भी सहायता करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदाता सहायता केंद्र पर नियुक्त कार्मिकों के मोबाइल नंबर भी संकलित किए जाएंगे। इससे मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों से जुड़ी आवश्यक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेने तथा संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय बनाए रखने में सुविधा होगी।

## पंचायत चुनाव में 50% युवाओं को मौका देगी कांग्रेस, 'पंचायत टास्क फोर्स' में 39 साल से कम उम्र के युवाओं को जोड़ेगी; तलाशे जाएंगे जिताऊ चेहरे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत**

आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा (देहात) एवं युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में चित्तौड़ रोड स्थित होटल रेडियन्स में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें चुनावी रणनीति के साथ युवा कांग्रेस के 'पंचायत टास्क फोर्स' अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संगठन में धरातल पर निष्ठापूर्वक काम करने वाले सक्रिय, जिताऊ और टिकाऊ युवाओं को आगे लाने के उद्देश्य से 'पंचायत टास्क फोर्स' का गठन किया गया है। टास्क फोर्स जमीनी स्तर पर सक्रिय एवं मजबूत युवा कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर उनकी सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। इसके आधार पर आगामी चुनावों में युवाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने की दिशा में काम किया जाएगा।





कांग्रेस नेतृत्व ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य ऐसे युवाओं को आगे लाना है, जो लंबे समय से संगठन के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं और अपने क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखते हैं। टास्क फोर्स के जरिए जमीनी कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें चुनावी जिम्मेदारियों और प्रतिनिधित्व के लिए तैयार किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक सी.पी. मीणा, पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल जाट, पूर्व मंत्री एवं जिला प्रभारी नसीम अख्तर, सह-प्रभारी कैलाश झालीवाल, विधायक प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी, ओम नरानीवाल एवं नरेंद्र रेगर, प्रदेश सचिव शंकर गाडरी, अनुपम शर्मा, मुकेश वर्मा, प्रद्युम्न सिंह, महेश सोनी, आशीष चौधरी, आशीष राजस्थला, एडवोकेट ओम प्रकाश तेली, पूर्व पार्षद गोविंद गुर्जर सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं युवा पदाधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस की इस पहल को आगामी निकाय एवं पंचायती राज चुनावों से पहले संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और जमीनी स्तर पर मजबूत चेहरों को तलाशने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

## खेत में मिला 8 फीट लंबा अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**

कोचरिया गांव में खेत में करीब 8 फीट लंबा अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। खेत में महिलाएं चारा काट रही थीं, इसी दौरान चारे में छिपा अजगर दिखाई दिया। महिलाओं के शोर मचाने पर किसान लक्ष्मण कुमावत ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वनपाल चंद्रपाल सिंह राणावत के निर्देश पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। वनरक्षक रूपेंद्र सिंह, वनरक्षक दिनेश कुमार रेगर और टेक्नीशियन शंकरलाल विश्नोई की टीम ने सावधानीपूर्वक अजगर का रेस्क्यू किया। इसके बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

## हरियालो राजस्थान अभियान में इस साल 10 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य

**मुख्यमंत्री ने अभियान की समीक्षा कर दिए निर्देश, अब तक 7.58 करोड़ से अधिक पौधारोपण**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत इस वर्ष 10 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से पौधारोपण कराने के साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने अभियान की समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 7 करोड़ 58 लाख से अधिक पौधों का पौधारोपण किया जा चुका है। उन्होंने शेष लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

शर्मा ने कहा कि पौधारोपण को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए आमजन को त्योहारों के अवसर पर पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने रक्षाबंधन पर 'एक पेड़ भाई-बहन के नाम' लगाने का आह्वान करते हुए पौधारोपण करने वाले भाई-बहनों को सम्मानित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने पौधों की देखभाल को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए इसमें लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ उनकी सुरक्षा और उचित देखभाल सुनिश्चित की जाए तथा लापरवाही सामने आने पर संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।





बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण आनंद कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा राजेश कुमार यादव और शासन सचिव ग्रामीण विकास कृष्ण कुणाल सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।




राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895



'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# फसल बचाने खेत पर कर रहे थे रखवाली, अंधेरे में सांप ने डसा; किसान की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

खेत में खड़ी फसल को जंगली सूअर और नीलगाय से बचाने के लिए रात में रखवाली करना एक किसान के लिए जानलेवा साबित हुआ। आसींद क्षेत्र के पाहरू गांव में सोमवार देर रात खेत पर रखवाली कर रहे 40 वर्षीय किसान संग्राम सिंह को अंधेरे में सांप ने डस लिया। परिजन और पड़ोसी उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार पाहरू निवासी संग्राम सिंह (40) पुत्र मनोहर सिंह चुंडावत रोजाना की तरह अपने पड़ोसी कालू सिंह के साथ खेत पर फसल की निगरानी कर रहे थे। सोमवार रात करीब 12 बजे दोनों खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान अंधेरे में अचानक संग्राम सिंह का पैर एक सांप के ऊपर आ गया। सांप ने उनके पैर में डस लिया। खेत में अंधेरा होने के कारण सांप दिखाई नहीं दिया, जिससे यह पता नहीं चल सका कि उसने किस प्रजाति के सांप ने डसा।

सांप के डसने के बाद संग्राम सिंह की हालत बिगड़ने लगी। पड़ोसी कालू सिंह ने बिना देर किए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक के काका मुना सिंह पुत्र उदय सिंह की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी के लिए ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

## राणा जी का गुढ़ा में आवागमन और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

राणा जी का गुढ़ा गांव में रात के समय आवागमन और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम विकास अधिकारी करण सोनी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने गांव में पर्याप्त रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट तथा प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठाई।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कई हिस्सों, रास्तों और सार्वजनिक स्थानों पर रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। ग्रामीणों के अनुसार अंधेरे वाले स्थानों पर चोरी सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों की आशंका भी बनी रहती है।

ज्ञापन में मुख्य रास्तों, चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और आवश्यकता वाले स्थानों पर स्ट्रीट लाइट या विद्युत पोल पर लाइट लगाने की मांग की गई। इसके अलावा गांव के प्रमुख चौराहों, प्रवेश-निकास मार्गों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का सुझाव दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट से



रात में आवागमन आसान होगा, जबकि सीसीटीवी कैमरों से गांव में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने दोनों कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में अनिल भील, बबलू धोबी, रवि बैरागी, मुकेश बैरागी, मोनू बैरागी, रामप्रसाद भट्ट, दुर्गाशंकर सोनी, रामगोपाल भट्ट, अशोक धाकड़ और महेंद्र मीणा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।


# चंवरा के बालाजी के विशेष श्रृंगार में हुए हनुमानजी और महादेव के दर्शन

## सावन के अवसर पर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, भक्तिमय रहा वातावरण

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।

मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बड़लियास में बेड़च नदी किनारे स्थित श्री चंवरा के हनुमान जी महाराज मंदिर में सावन माह के अवसर पर मंगलवार को विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी रोशन वैष्णव ने बालाजी महाराज का विशेष श्रृंगार किया।

विशेष श्रृंगार के दौरान श्रद्धालुओं को हनुमानजी महाराज की प्रतिमा में महादेव के स्वरूप के दर्शन हुए। एक ही प्रतिमा में हनुमानजी के साथ भगवान महादेव का स्वरूप नजर आने से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह का माहौल रहा। विशेष दर्शन की जानकारी मिलने पर आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे



और बालाजी महाराज के दर्शन कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। सावन माह में मंदिर में हुए विशेष श्रृंगार ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया।

# कार से कुचलकर महिला की हत्या के मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी के साथ वारदात के दौरान कार में सवार थे तीनों आरोपी, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर पकड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर के प्रियदर्शनी नगर स्थित अभ्रक फैक्ट्री के सामने महिला को कार से कुचलकर हत्या करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी वारदात के दौरान मुख्य आरोपी के साथ कार में मौजूद थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। इसी क्रम में 24 अगस्त को साजिद उर्फ चांद, सरफु और मोहम्मद समीर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार 18 अगस्त को प्रियदर्शनी नगर स्थित अभ्रक फैक्ट्री के सामने लाली देवी लुहार मवेशी चरा रही थीं। इसी दौरान पैसों की मांग को लेकर किशन लुहार के साथ विवाद के सिलसिले में मुख्य आरोपी मोहम्मद तोसीफ उर्फ बंटी अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा था। आरोप है कि इसी दौरान कार से लाली देवी को पीछे से टक्कर मारी गई और कार को दो-तीन बार उनके ऊपर चढ़ाकर उन्हें कुचल दिया गया। गंभीर हालत में महिला की मौत हो गई।

घटना के बाद सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान व तलाश शुरू की। पुलिस ने पहले मामले के मुख्य आरोपी मोहम्मद तोसीफ उर्फ बंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। वहीं, वारदात के समय कार में मौजूद बताए जा रहे अन्य साथियों की तलाश जारी थी।

पुलिस के अनुसार जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर 24 अगस्त को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में उनकी भूमिका के संबंध में आगे अनुसंधान किया जा रहा है।

पुलिस ने साजिद उर्फ चांद (31) पुत्र मेहरूदीन मंसुरी, निवासी सोलंकी टॉकीज के पीछे, भीलवाड़ा; सरफु (37) पुत्र इलियास खान मेव, निवासी मस्जिद के पास शास्त्रीनगर, हुसैन कॉलोनी, भीलवाड़ा तथा मोहम्मद समीर (24) पुत्र मोहम्मद निजामुद्दीन अंसारी, निवासी गरीब नवाज कॉलोनी, सोलंकी टॉकीज के पीछे, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय के नेतृत्व में गठित टीम में पुलिसकर्मी ऋषिकेश, सुरेंद्र कुमार और कमल किशोर शामिल रहे।

पुलिस के मुताबिक मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच जारी है।

# रामदेवरा की पदयात्रा पर निकले श्रद्धालु पहुंचे छोटा रुणिचा धाम

## गादीपति हीरा नाथ महाराज ने दुपट्टा पहनाकर किया स्वागत, मंगलमय यात्रा की कामना




भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया। ।

**मानव तिवाड़ी।** बाबा रामदेवजी के दर्शन की आस्था लेकर रामगंज मंडी से रामदेवरा की पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को छोटा रुणिचा धाम पहुंचा। धाम में पहुंचने पर गादीपति हीरा नाथ जी महाराज ने पदयात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान पदयात्रियों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। गादीपति ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा के साथ उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। पदयात्रियों ने छोटा रुणिचा धाम में बाबा रामदेवजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और कुछ समय विश्राम के बाद रामदेवरा की ओर अपनी यात्रा आगे बढ़ाई।गादीपति हीरा नाथ महाराज ने बताया कि बाबा रामदेवजी के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था के चलते राजस्थान के साथ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पैदल यात्रा कर रामदेवरा पहुंचते हैं। श्रद्धालु वहां बाबा रामदेवजी के दर्शन कर ध्वजा चढ़ाते हैं।

# सवाईपुर क्षेत्र में इंद्रदेव की मेहरबानी, फसलों को मिला नया जीवनदान, रात को जमकर तो दिनभर रिमझिम

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के गांवों में सोमवार रात्रि को एकाएक मौसम का मिजाज बदला और बारिश का दौर शुरू हुआ जो क्षेत्र में करीब 15 से 20 मिनट तक चला, इस बारिश ने फसलों को नया जीवनदान दिया, वही आज मंगलवार सुबह से लगातार रुक-रुक कर बारिश का दौरा जारी है । सवाईपुर क्षेत्र में सोमवार रात्रि करीब 9:00 बजे बारिश का दौर शुरू हुआ जो उसे कुछ देर तक चला, इस दौरान गांव की गलियों व सड़कों पर पानी सरपट दौड़ने लगा, बारिश के होने से धरतीपुत्र किसानों के चेहरे पर खिल गए क्योंकि इस समय मक्का, कपास सहित अन्य फसलों को बारिश की सख्त जरूरत थी, आखिर इंद्रदेव की मेहरबानी हुई और क्षेत्र में बारिश हुई ।? दूसरी ओर आज मंगलवार सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए हैं



और दिनभर रुक-रुककर कभी रिमझिम तो कभी मध्यम गति से बारिश का दौर चल रहा है, जो सावन की फुहार की तरह चल रहे हैं । देर रात तक भी क्षेत्र में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा ।।

# रक्षाबंधन के प्रेम का धागा पहुंचा सरहद तक, छात्राओं ने वीर सैनिकों के लिए भेजीं 31 राखियां



भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

भारतीय डाक विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'राखी से रक्षा' अभियान के तहत सरदार नगर स्थित श्री प्रताप विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ ने देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और अपनापन व्यक्त करते हुए 31 राखियों के लिफाफे भेजे।

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर छात्राओं ने अपने हाथों से राखियां तैयार कर प्रत्येक लिफाफे के साथ सीमा पर तैनात जांबाज सैनिकों के लिए रक्षाबंधन की शुभकामनाओं का संदेश भी प्रेषित किया। संदेश में छात्राओं ने सैनिकों को देश की रक्षा के लिए हर समय कठिन एवं विषम परिस्थितियों का सामना करने के लिए तत्पर रहने पर धन्यवाद दिया।

छात्राओं ने कहा कि देश की सीमाओं पर वीर सैनिक दिन-रात डटे रहते हैं, तभी देशवासी अपने परिवारों के साथ सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना पाते हैं। सैनिकों का त्याग, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणादायक है। रक्षाबंधन के अवसर पर सैनिकों तक राखी पहुंचाना उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अर्जुन सिंह सिसोदिया एवं प्रधानाध्यापिका मंजू तोलंबिया के साथ विद्यालय स्टाफ की पुष्पा कंवर, ममता नागोरिया एवं सुनीता छिपा उपस्थित रहीं। विद्यालय निदेशक अर्जुन सिंह सिसोदिया ने सभी 31 राखियों के लिफाफे बनेड़ा पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी देवकिशन कुम्हार को सौंपे, ताकि इन्हें डाक विभाग के माध्यम से सीमा पर तैनात सैनिकों तक पहुंचाया जा सके। विद्यालय की इस पहल ने रक्षाबंधन के पर्व को देशभक्ति और सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए यह संदेश दिया कि सरहद पर तैनात जवान भले ही अपने परिवार से दूर हों, लेकिन देश का हर परिवार उनके साथ खड़ा है।

# 29 कांवड़िए त्रिवेणी से कांवड़ में जल लेकर पहुंचे ड़साणिया का खेड़ा, भोलेनाथ का किया अभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे के ड़साणिया का खेड़ा गांव में मंगलवार को कावड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें त्रिवेणी संगम से कावड़ लेकर ड़साणिया का खेड़ा पहुंचने पर सवाईपुर में कांवड़ियों का स्वागत किया गया । त्रिवेणी संगम के जल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया । कांवड़िए विष्णु जाट ने बताया कि ड़साणिया का खेड़ा में सावन के पवित्र माह में कावड़ यात्रा का आयोजन किया, जिसमें मंगलवार सुबह 10:15 बजे पंडित के मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना व भोलेनाथ की परिक्रमा कर जयघोष के साथ त्रिवेणी संगम से 29 कांवड़िए कांवड़



जल लेकर प्रारंभ हुए, जो बिगोद, नयागांव, कुड़ी, कोटड़ी चौराया होते हुए सवाईपुर, ड़साणिया का खेड़ा गांव पहुंचे, इस कोटड़ी चौराहे पर स्वागत किया और सवाईपुर चौराहे पर कांग्रेस कोटड़ी ब्लॉक अध्यक्ष महावीर सुवालका द्वारा कांवड़ियों का पुष्प वर्षा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और अल्पाहार करवाया । इसके बाद कांवड़ यात्रा गाजे-बाजे के साथ मुख्य चौराहे, सोपुरा रोड़ होते हुए शिवालय पर पहुंचे, इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कावड़ यात्रा का स्वागत किया, कावड़ यात्रा में युवक-युवतियां, महिला-पुरुष और बच्चे बड़े ही श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हुए । मंगलवार सायं 5:15 बजे शिवालय में शिव परिवार की पूजा-अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ त्रिवेणी संगम कावड़ के जल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया, इस दौरान ग्रामीणों ने भोलेनाथ से क्षेत्र व घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की ।।



QUICK BITES

## चांदी का सोलर चालित हेलीकॉप्टर बना आकर्षण का केंद्र

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**



अपनी बारीक और जीवंत शिल्पकला के लिए पहचान रखने वाले आसींद निवासी स्वर्ण कलाकार भागीरथ सोनी ने चांदी से अनूठा हेलीकॉप्टर मॉडल तैयार किया है। शुद्ध चांदी से बनाए गए इस हेलीकॉप्टर में सोलर सिस्टम लगाया गया है, जिससे रोशनी पड़ते ही इसकी पंखुड़ियां घूमने लगती हैं।

कलाकार भागीरथ सोनी, पिता श्याम सोनी, ने बताया कि इस मॉडल को तैयार करने में करीब 48 घंटे का समय लगा और इसकी लागत लगभग 22,700 रुपए रही। सोलर पैनल की मदद से संचालित होने वाला यह मॉडल रोशनी मिलते ही सक्रिय हो जाता है, जिससे हेलीकॉप्टर का स्वरूप और अधिक आकर्षक नजर आता है।आसींद।

भागीरथ सोनी अपनी बारीक एवं आधुनिक कलाकृतियों के लिए जाने जाते हैं। इससे पहले भी वे धार्मिक और आधुनिक विषयों पर विभिन्न प्रतिरूप तैयार कर चुके हैं। चांदी से तैयार इस सोलर चालित हेलीकॉप्टर को देखने वाले लोग उनकी शिल्पकला और तकनीकी प्रयोग की सराहना कर रहे हैं।

## सरहद के भाइयों की कलाई पर सजेगा सूरजपुरा की बहनों का प्यार, डाक से भेजीं राखियां

### रक्षाबंधन पर अनूठी पहल, बेटियों ने सैनिकों को माना अपना भाई,राखियों के साथ भेजीं दुआएं...

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जब घर-घर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने की तैयारी कर रही हैं, वहीं सूरजपुरा की कुछ बहनों ने देश की सरहद पर तैनात उन भाइयों को याद किया,जो परिवार से दूर रहकर देश की सुरक्षा में अपना फर्ज निभा रहे हैं। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की बहनों एवं बेटियों ने सैनिक भाइयों के लिए 15 राखियां तैयार कर डाक के माध्यम से भेजीं। राखियों के साथ उनकी भावनाओं में अपनापन भी था और देश की रक्षा करने वाले जवानों के प्रति सम्मान भी।इस पहल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गलकु देवी शर्मा, जो अब सेवानिवृत्ति के करीब हैं, ने भी राखी भेजकर अपनी भावना व्यक्त की।उन्होंने कहा,रक्षाबंधन पर हर बहन चाहती है कि उसके भाई की कलाई पर उसके हाथ की राखी बंधे। हमारे सैनिक भाई अपने घर से दूर हैं, इसलिए मन में आया कि क्यों न उन्हें भी राखी भेजकर यह एहसास कराया जाए कि देश की बहनें उनके साथ हैं। मेरी राखी उनके लिए स्नेह के साथ-साथ देश की रक्षा के लिए धन्यवाद भी है।विद्यालय की दीदी विभा टेलर ने कहा,सैनिक भाई अपनी बहनों और परिवार से दूर रहकर हमारी सुरक्षा करते हैं। ऐसे में उनकी कलाई पर राखी भेजना हमारे लिए गर्व की बात है। राखी का यह धागा उनके हौसले को और मजबूत करे, यही हमारी कामना है।साक्षरता अभियान की वीटी सपना कंवर भाटी ने कहा,राखी केवल भाई की कलाई पर बंधने वाला धागा नहीं, बल्कि विश्वास और सुरक्षा का रिश्ता है। हमारे जवान देश की करोड़ों बहनों की रक्षा कर रहे हैं, इसलिए इस बार उन्हें अपना भाई मानकर राखी भेजना मन को बहुत सुकून दे रहा है।राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की बेटियों ने भी पूरे उत्साह से राखियां तैयार कीं। बेटियों ने कहा,हम अपने सैनिक भाइयों के पास जाकर राखी तो नहीं बांध सकते, लेकिन डाक से भेजी गई हमारी राखी जरूर उनकी कलाई तक पहुंचेगी। हमारी यही इच्छा है कि वे हमेशा सुरक्षित रहें और देश की रक्षा करते रहें।सूरजपुरा की बहनों की यह पहल रक्षाबंधन के पर्व को एक अलग ही भाव दे गई। घर से निकलकर डाक तक पहुंची ये 15 राखियां अब उन कलाईयों की तलाश में हैं, जो सीमा पर देश की रक्षा के लिए उठती हैं। इन राखियों में रंग-बिरंगे धागों के साथ बहनों की दुआएं, बेटियों का स्नेह और मातृभूमि के रक्षकों के प्रति सम्मान भी बंधा है।रक्षाबंधन के इस अवसर पर सूरजपुरा की बहनों ने संदेश दिया कि देश की सीमा चाहे कितनी भी दूर हो, भाई-बहन के रिश्ते में दूरी नहीं होती। सैनिक भाई सरहद पर डटे हैं तो देश की बहनें उनके लिए प्रार्थना और स्नेह का धागा भेजती रहेंगी।






# साध्वी देवगिरि के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर, 105 यूनिट रक्त संग्रह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

छोबावड़ी सगसजी धाम हमीरगढ़ में महंत साध्वी देवगिरि जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 गुरुदेव बाल बापू नागा महाराज के आशीर्वाद से आयोजित शिविर में श्रद्धालुओं, युवाओं और नारी शक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 105 यूनिट रक्तदान किया। धार्मिक आयोजन को मानव सेवा से जोड़ने की इस पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना की।

विश्व कल्याण फाउंडेशन सेवा समिति एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। रक्तदान को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए रक्तदान कर समाजसेवा का संदेश दिया।

साध्वी देवगिरि जी महाराज ने कहा कि रक्तदान सर्वोत्तम दान है, क्योंकि रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायक बनता है। उन्होंने कहा कि जन्मोत्सव को केवल उत्सव के रूप में मनाने के बजाय मानव सेवा से जोड़ने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का उद्देश्य रक्त की कमी को दूर करना, जरूरतमंद रोगियों की सहायता करना और युवाओं को सामाजिक एवं मानवीय कार्यों के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक रक्तदाता का छोटा सा प्रयास किसी परिवार के लिए बड़ी उम्मीद बन सकता है।



शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को समिति की ओर से प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हर्ष प्रदीप सिंह राणावत, गोविंद सोनी, गोपाल पारीक, प्रकाश जोशी, बालकृष्ण मूंदड़ा, राजकुमार आचार्य, राजकुमार सोनी, रतन सिंह मोमी, कालू गुजर, महेंद्र सिंह, देवराज तेली मोहन दिया, कैलाश आसरवा, राजकुमार डगवाल एवं सुखदेव झरवाल सहित अन्य लोगों ने रक्तवीरों का उत्साह बढ़ाया।

कोटड़ी श्याम ब्लड सेंटर की चिकित्सा टीम की देखरेख में रक्त संग्रह किया गया। सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार जताते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों को जारी रखने का आह्वान किया।

# भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में चुनावी तैयारियों पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**





**मूलचंद पेसवानी।** नगर पालिका चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा की ओर से मनियर कॉटेज में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा बूथ स्तर तक चुनावी तैयारियों को प्रभावी बनाने पर चर्चा की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। नगर मंडल कोषाध्यक्ष शांतिलाल मामोड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान मीसा बंदी कन्हैयालाल धाकड़ का सम्मान भी किया गया।

सम्मेलन में पूर्व मंत्री एवं निकाय चुनाव के संभाग सह प्रभारी लालचंद कटारिया ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर संगठन के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी को बूथ स्तर पर सक्रियता के साथ काम करना चाहिए।झ

विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत से होती है। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने की बात कही और कार्यकर्ताओं को संवाद बढ़ाने पर जोर दिया।

भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा ने कहा कि चुनावी तैयारियों में मतदाताओं से सीधा संवाद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर क्षेत्र से जुड़े मुद्दों और विकास कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

नगर पालिका चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह रावत ने संगठनात्मक तैयारियों और नामांकन प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समयबद्ध तरीके से चुनावी कार्य पूरा करने तथा बूथ स्तर पर व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर जोर दिया। सह प्रभारी मिट्ठूलाल जाट और समन्वयक हरीश भट्ट ने भी संगठनात्मक समन्वय को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

सम्मेलन में जिला प्रभारी संजय जैन (ताऊ), चुनाव प्रभारी महेंद्र रावत, सह प्रभारी मिट्ठूलाल जाट, समन्वयक हरीश भट्ट, पालक सुरेश सांड, सौरभ खंडाल, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी, जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, रघुनंदन सोनी, पूर्व उपप्रधान गोपाल गुर्जर, नगर मंडल कोषाध्यक्ष शांतिलाल मामोड़िया, जिला मीडिया सहसंयोजक मोनू सुरेश छीपा सहित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मातृकुंडिया से पोटलां पहुंची 411 कांवड़ियों की कांवड़ यात्रा





**भीलवाड़ा फोकस @ पोटलां।**

मातृकुंडिया के पवित्र तीर्थ स्थल से शुरू हुई विशाल कांवड़ यात्रा मंगलवार को विभिन्न गांवों और कस्बों से होकर पोटलां पहुंची। यात्रा में 411 कांवड़िए शामिल हुए। पोटलां पहुंचने पर कांवड़ियों ने नदी तट स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर और प्राचीन चन्द्रभागेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ अलसुबह मातृकुंडिया में हुआ। कांवड़ियों ने मंगलेश्वर महादेव सहित अन्य मंदिरों में दर्शन किए और इसके बाद पवित्र कुंड से जल भरकर गंगा आरती की। संकल्प के बाद कांवड़िए निर्धारित मार्ग से पोटलां के लिए रवाना हुए। यात्रा गुरजनिया, आरणी, गोपालपुरा, पहुनी चौराहा, सरगांव और मंडफिया होते हुए पोटलां पहुंची।

यात्रा मार्ग में ग्रामीणों और कस्बेवासियों ने कांवड़ियों के लिए जगह-जगह सेवा स्टॉल लगाए। यहां साबूदाना खिचड़ी, फल, जूस, चाय-कॉफी, अल्पाहार और नींबू पानी की व्यवस्था की गई। पोटलां में प्रवेश के दौरान पथवारी से लेकर विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया। युवाओं ने जेसीबी से भी पुष्पवर्षा की।

पोटलां में कांवड़ यात्रा पथवारी, महात्मा गांधी विद्यालय, पुरबिया मोहल्ला, हायर सेकेंडरी स्कूल, जीनगर चौक, मुख्य बाजार, सदर बाजार, रावला चौक, बस स्टैंड, मंशापूर्ण बालाजी मंदिर और रामदेवजी मंदिर होते हुए नदी तट स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा में 71 लीटर की विशाल कांवड़ आकर्षण का केंद्र रही। वहीं तीन अलग-अलग समूहों ने डाक कांवड़ भी पहुंचाई।

इसके बाद कांवड़िए चन्द्रभागेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन और जलाभिषेक के बाद आरती की गई तथा भगवान शिव का श्रृंगार किया गया। भक्तों ने नगर की खुशहाली, देश में अमन-चैन और क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।

# 75 छात्राओं ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




श्रीमती सुशीला देवी माथुर पब्लिक स्कूल महिला आश्रम की 75 छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने कृषि से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों, तकनीकों और कृषि उद्यम की संभावनाओं की जानकारी ली।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. यादव ने छात्राओं को केंद्र पर संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कृषि के राष्ट्रीय सकल आय, आजीविका, घरेलू खपत, औद्योगिक विकास, वाणिज्यिक महत्व, राजस्व प्राप्ति एवं आर्थिक योजनाओं में योगदान की जानकारी दी। उन्होंने कृषि को बेहतर रोजगार एवं उद्यम का माध्यम बताते हुए नवीन तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया।

प्रशिक्षक शंभूलाल माली, अजय शर्मा एवं अंजना जाट ने केंद्र पर स्थापित सजीव इकाइयों के महत्व और उपयोगिता के बारे में बताया। साथ ही कृषि यंत्रों की कार्यप्रणाली एवं कृषि शिक्षा के उद्देश्यों और संभावनाओं से छात्राओं को अवगत कराया। वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता डॉ. लालचंद कुमावत ने कहा कि देश की बड़ी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में ज्ञान और तकनीकी समझ हासिल कर विद्यार्थी अपने साथ राष्ट्र के विकास में भी योगदान दे सकते हैं। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने कृषि संबंधी विभिन्न गतिविधियों को देखा और जानकारी प्राप्त की।

# जगत से जाओ तो नेत्र दे जाओ ताकि कोई दूसरा दुनिया देख सके-आचार्य रामदयालजी महाराज


## जिस भाव के साथ देह का त्याग होता है उसी के अनुसार शरीर की प्राप्ति होती

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जैसी दृष्टि होगी वैसी ही सृष्टि होगी ओर दृष्टि है तो सृष्टि है। जिन आंखों से हम जगत को देखते है जब यहां से जाने का वक्त हो जाए तो तुम दुनिया बनाने वाले को देखने जाओंगे उस समय ये आंखे उनके लिए दे देना जिनको इस जगत को देखने की जरूरत है। ऐसी भावना से जीवन सार्थक हो जाता है। कोई मरते-मरते भी नेत्रदान कर जाए तो उसका जीवन सार्थक हो जाता है।

ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाघीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने मंगलवार को ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में नेत्रदान के महत्व पर चर्चा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देहदान, नेत्रदान करना सेवा का पुनीत कार्य है। कोई भी दान करे हम कई गुना बढ़ कर वापस प्राप्त होता है। नेत्रदान करने वालों को परमात्मा के दिव्य चक्षु प्राप्त हो जाते है। मरने के बाद शरीर राख हो जाए उससे अच्छा है किसी के काम आए। हमारे महापुरूषों ने भी नेत्रदान किए है। जिसे नेत्र प्राप्त होते है वह जगत के दर्शन कराने वाले के प्रति अहोभाव कभी कम नहीं कर सकता।

आचार्यश्री ने कहा कि मृत्यु का समय आए तो मुख से केवल राम का नाम निकलता रहे तो आत्मा परमात्मा में विलीन हो जाती है ओर संसार में किसी योनी में नहीं आना





पड़ता है। मरते समय जिस भाव के साथ देह का त्याग होता है उसी के अनुसार शरीर की प्राप्ति होती है। किसी का मन में मरते समय मकान या सांसारिक सुखों में रह जाए तो उसकी गति बिगड़ जाती है। इंसान को अंतिम समय आने पर परमात्मा के अलावा किसी अन्य का चिंतन नहीं करना चाहिए। मरते समय राम नाम लेने ओर सुनने से जीवन का उद्धार हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम किसी को कुछ भी कहे पर सामने वाला वैसा ही कहे दे तो अहंकार को चोट लगती है। याद रखे आंख बंद कर लेने से हालात नहीं बदल जाते है। ये मानना कि मेरे अलावा कोई कुछ नहीं जानता अभिमान व अज्ञान का प्रतीक है।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि अपने अंतर चक्षु खोल कर देखेंगे तो पता चलेगा कि हम क्या सही ओर क्या गलत कर रहे है। जब तक मन की आंखे नहीं खुलेंगी हम अपनी गलतियों का अहसास नहीं होगा। व्यक्ति अपने कर्मो का फल भुगत रहा है फिर भी दुर्भाग्य उसके अंदर की आंखे नहीं खुल पा रही है। हम जैसा बोलेंगे वैसा ही सुनना भी पड़ेगा। सम्मानीय लोग मर्यादा व शिष्टता तोड़ेंगे तो दूसरे क्या सीखेंगे। माता पिता या गुरू की भाषा गलत होगी तो बच्चें क्या सीखेंगे। उन्होंने जीव दया का संदेश देते हुए कहा कि पशु पक्षी को मारने का हमे कोई अधिकार नहीं है। जो इनको मारेंगे उन्हें परिणाम भी भुगतने पड़ेंगे। पापी पेट के लिए कभी जीव हिंसा नहीं करनी चाहिए।

### आचार्यश्री ने किया नेत्रदान पोस्टर बैनर का विमोचन

सत्संग में आचार्य श्रीरामदयाल महाराज ने आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के भीलवाड़ा चैप्टर द्वारा नेत्रदान जागरूकता अभियान के तहत मनाए जा रहे नेत्रदान पखवाड़े के पोस्टर बैनर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि नेत्रदान कोई एक पखवाड़े तक सीमित नहीं होकर हमेशा किया जाना चाहिए। रामस्नेही चिकित्सालय के रतन दरगड़ ने चिकित्सालय में उपलब्ध नेत्र सम्बन्धी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतिष्ठा ने नेत्रदान कौन कर सकता ओर इसका क्या महत्व है इस बारे में बताया। प्रवचन के बाद कई श्रद्धालुओं ने नेत्रदान संकल्प पत्र भरे।

आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास में दैनिक सत्संग का समय सुबह 9 से 10 बजे तक है। रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है। सूर्यास्त के समय संध्या आरती एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत रामजस ईडर द्वारा भक्तमाल की कथा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

# अच्छी बारिश व खुशहाली की कामना को लेकर व्यापार मंडल ने निकाली पैदल यात्रा





**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया।**

**विकास जैन।** व्यापार मंडल सलावटिया की ओर से मंगलवार को अच्छी बारिश एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना को लेकर तिलस्वां महादेव मंदिर तक पैदल यात्रा निकाली गई। यात्रा में व्यापार मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह से हो रही बारिश के बावजूद श्रद्धालु छाते लेकर पैदल यात्रा में शामिल हुए। धार्मिक जयकारों और डीजे पर बज रहे भजनों से कस्बे का माहौल भक्तिमय हो गया। तिलस्वां महादेव मंदिर पहुंचने पर भगवान का अभिषेक किया गया तथा हवन में आहुतियां देकर अच्छी बारिश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। इसके बाद सामूहिक भोजन का भोग लगाया गया और व्यापार मंडल की ओर से श्रद्धालुओं एवं कैदियों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल से कैलाश लुहार, रमेश धाकड़, मनोज धाकड़, रमेश रेगर, अर्पित जैन, ओमप्रकाश लुहार, कैलाश रेगर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# माहेश्वरी महासभा चुनावः प्रत्याशियों ने रखी कार्ययोजना, रोजगार-शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सितंबर में प्रस्तावित चुनाव को लेकर सभापति पद के प्रत्याशी त्रिभुवन काबरा, महामंत्री पद के प्रत्याशी राजकुमार काल्या सहित पैनल के अन्य प्रत्याशियों ने मंगलवार को चित्तौड़गढ़ रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता कर अपनी प्रस्तावित कार्ययोजना और प्राथमिकताओं की जानकारी दी।

पत्रकार वार्ता में प्रत्याशियों ने कहा कि समाज को आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने रोजगार के अवसर बढ़ाने, परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही समाज में तीसरी संतान के बाद शिक्षा के क्षेत्र में सहायता उपलब्ध कराने की प्रस्तावित योजना भी सामने रखी।

सभापति पद के प्रत्याशी त्रिभुवन काबरा ने कहा कि समाज के विकास को गति देने के लिए शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और सामाजिक क्षेत्र में नए प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करने को प्राथमिकता बताया।

महामंत्री पद के प्रत्याशी राजकुमार काल्या ने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया है और सभी प्रत्याशी समाजजनों के बीच अपनी कार्ययोजना रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका पैनल व्यवस्थागत कमियों को दूर करने और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप बदलाव लाने के मुद्दों के साथ चुनाव मैदान में है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्यमिता पर प्रस्तावित योजनाएं**

प्रत्याशियों ने अपनी प्रस्तावित कार्ययोजना में उच्च शिक्षा के लिए समाज की विश्वविद्यालय स्थापना, स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में संस्थानों की श्रृंखला, जरूरतमंदों को वित्तीय सहयोग के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था स्थापित करने तथा किफायती विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा के लिए अस्पतालों की श्रृंखला विकसित करने जैसे




प्रस्ताव रखे।

उन्होंने समाज के व्यवसायियों और उद्यमियों को एक मंच पर जोड़ने के लिए माहेश्वरी इंडस्ट्री एंड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (मीटो) की स्थापना तथा युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण देने के लिए प्रमुख शहरों में स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा।

पत्रकार वार्ता में अर्थमंत्री पद के प्रत्याशी प्रवीण लक्ष्मीनारायण सोमानी, संगठन मंत्री पद के प्रत्याशी बाबूलालजी मोहता और उपसभापति पश्चिमांचल पद के प्रत्याशी राकेशकुमार जाजू मंचासीन रहे। संचालन हरीश पोरवाल ने किया। आभार लादूराम बागड़ ने जताया।

**समाजजनों ने किया स्वागत**

भीलवाड़ा पहुंचने पर सभापति पद के प्रत्याशी त्रिभुवन काबरा, महामंत्री पद के प्रत्याशी राजकुमार काल्या, अर्थमंत्री पद के प्रत्याशी प्रवीण लक्ष्मीनारायण सोमानी, संगठन मंत्री पद के प्रत्याशी बाबूलालजी मोहता और उपसभापति पश्चिमांचल पद के प्रत्याशी राकेशकुमार जाजू का समाजजनों ने स्वागत किया। इस दौरान श्रीगोपाल राठी, दिलीप तोषनीवाल, श्याम समदानी, अर्चित मूंदड़ा, अरविंद चांडक, अंकित सोमानी, हर्ष राठी, सचिन काबरा, रौनक कोठारी, अंकित लाखोटिया, शंशाक बिरला, श्रीलाल कोगटा, लोकेश आगाल, सुभाष बाहेती सहित समाजजन मौजूद रहे।

QUICK BITES

## पंडेर में निकली कांवड़ यात्रा, महादेव का किया जलाभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



मंगला गौरी पूजन एवं भौम प्रदोष के पावन अवसर पर मंगलवार को जवाहर नगर महिला मंडल की ओर से कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा बनास नदी से शुरू होकर ढोल-नगाड़ों के साथ पंडेर बालाजी चौराहा स्थित मंशापूर्ण महादेव मंदिर पहुंची।

गोविंद शर्मा ने बताया कि कांवड़ियों ने बनास नदी से जल भरकर भगवान महादेव का जलाभिषेक किया तथा क्षेत्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़े। मंदिर परिसर पहुंचने पर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

मंशापूर्ण महादेव मंदिर पहुंचने पर पूर्व प्रधान अंजनी कुमार शर्मा के नेतृत्व में समाजसेवियों ने कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो परिवारों को दो-दो लाख की सहायता

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**




प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत राजस्थान ग्रामीण बैंक की लाडपुरा शाखा की ओर से मृतक खाताधारकों के परिजनों को बीमा राशि के चेक प्रदान किए गए।

शाखा प्रबंधक इन्द्रजीत बना ने बताया कि चितौड़िया निवासी रामी दरोगा एवं हीरा लाल दरोगा के निधन के बाद योजना के तहत उनके परिवारों को आर्थिक सहायता के रूप में दो-दो लाख रुपए के चेक प्रदान किए गए। बैंक की ओर से परिजनों को योजना के लाभ और आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक इन्द्रजीत बना, संजय कुमार मीणा, जीतेश सैनी, प्रदीप आनंद, मोहन छीपा, शिवलाल गुर्जर सहित बैंक के कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## सड़क पर जख्मी मिला राष्ट्रीय पक्षी मोर, उपचार कर वन विभाग को सौपा, हुई मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे में सोमवार देर रात एक राष्ट्रीय पक्षी मोर सड़क पर जख्मी हालत में पड़ा मिला, जिनको उपचार के बाद वन विभाग की टीम को सौंपा, मंगलवार सुबह मोर की मौत हो गई । सोमवार रात करीब 10:00 बजे पोकर सिंह राजपुरोहित जोधपुर अपनी दुकान से घर जा रहा था, इसी दौरान कोटड़ी चौराया व सवाईपुर बस स्टैंड के बीच सड़क पर एक राष्ट्रीय पक्षी मोर जख्मी हालत में पड़ा हुआ दिखाई दिया, इसके बाद पोकर सिंह ने समाजसेवी सांवर वैष्णव को फोन पर इसकी सूचना दी, सूचना पर गौ भक्त शिवनारायण गाड़री, शिवलाल गाड़री, पशु परिचर ओम प्रकाश जाट मौके पर पहुंचे और जख्मी राष्ट्रीय पक्षी मोर का प्राथमिक उपचार किया गया, इसके बाद वन विभाग को इसकी सूचना दी, सूचना पर कोटड़ी कार्यवाहक वनपाल कमलेश रेगर व चौकीदार देबीलाल गुर्जर मौके पर पहुंचे, जहां घायल मोर को वन विभाग की टीम को सुपूर्द किया । इस दौरान चिराग जैन, संतू गाड़री हमीरगढ़, संतू दरोगा आदि मौजूद थे । कार्यवाहक वनपाल कमलेश रेगर ने बताया कि मंगलवार सुबह घायल मोर की मौत हो गई, जिसके बाद कोटड़ी डॉ. बाबू लाल मीणा ने मोर का पोस्टमार्टम किया, इसके बाद जावल वन चौकी में राष्ट्रीय पक्षी मोर का दाह संस्कार किया गया ।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।